हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 14 मार्च, 2022/23 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - उद्योग मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 41

विक्रय दुकान

***5115 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नगर निगम मण्डी ने समखेतर वार्ड नम्बर 101 में जिला फेडरेशन/ को-ऑपरेटिव बैंक की विक्रय दुकान किराये पर दी है;

(ख) यदि हां, तो यह किसे व किस कार्य हेतु दी गई है; ब्यौरा मासिक निर्धारित किराये व अब तक वसूली गई धनराशि सहित दें;

(ग) क्या सहकारिता विभाग की भूमि पर किसी व्यक्ति ने अवैध कब्जा किया है; और

(घ) यदि हां, तो विभाग ने अपनी भूमि की निशानदेही कब करवाई व कब्जा धारक के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

108 and 102 Ambulances

***5116 Sh. Rakesh Singha (Theog) :**
Sh. Satpal Singh Raizada (Una) :

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many employees were engaged in 108 and 102 Ambulance services;

provide total list with addresses of the employees engaged with date of employment, designation, place of duty, wages, hours of duty, date on which salary to be paid and any other terms and conditions of employment, mode of payment of wages, whether any disciplinary action against any employee was initiated, any dispute raised against the disciplinary action and the result of the dispute;

(b) what was the agreement made with GVK-EMRI; provide a copy of the agreement or agreements made during the period of its engagement along with any and every court orders made suo-moto or through writ petition, appeal or through dispute or any other mode during the period the company was engaged; and

(c) has the principal employer abided by the court orders made from time to time; what steps has the Government taken to implement the order made in Para 44 made by the competent Court under the Minimum wages Act, Shimla, District Shimla, HP decided on 30.01.2021 and after the disengagement of the establishment to provide the Ambulance services of 108 and 102 has full and final settlement been made with the employees; copy of the same may be provided along with the gratuity due to the workers?

पुलिस चौकियां

***5117 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कितनी पुलिस चौकियां हैं क्या विभाग द्वारा इन्हें नियमित कर दिया गया है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) सरकार अनियमित चौकियों को कब तक नियमित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

इलेक्ट्रिक बसें

***5118 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में

इलेक्ट्रिक बसें चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

पार्किंग निर्माण

*5119 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के डैहर में सरकार द्वारा पार्किंग निर्माण का निर्णय लिया गया है; यदि हां, तो इस कार्य के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है व यह कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

स्थायी पालिसी

*5120 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश स्टेट हैल्थ सोसायटी में कितने कर्मचारी नियुक्त किये गए हैं तथा नियुक्त कर्मचारियों की स्थायी पॉलिसी के लिए हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य विभाग/राज्य स्वास्थ्य समिति की कोई योजना है; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ख) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत कर्मचारी हिमाचल प्रदेश राज्य स्वास्थ्य सोसायटी में पिछले लगभग 25 वर्षों से कार्य कर रहे हैं, विभाग ने उनके हितों की सुरक्षा के लिए क्या-क्या पग उठाए हैं; क्रमवार ब्यौरा दें;

(ग) हिमाचल प्रदेश सरकार की notification No Health-A-B(15)-5/2014-L-Misc दिनांक 28th March, 2016 को अभी तक हिमाचल प्रदेश राज्य स्वास्थ्य सोसायटी के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के लिए लागू क्यों नहीं किया गया; ब्यौरा दें;

(घ) भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार Public Health being a state subject की परिभाषा के अनुसार हिमाचल प्रदेश राज्य स्वास्थ्य सोसायटी के कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक स्थायी नीति क्यों नहीं बनाई है; ब्यौरा दें; और

(ङ) हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार ने भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित (90:10 Ratio) सर्वशिक्षा अभियान व मनरेगा के कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति व Regular Pay Scale with DA and all other allowances का प्रावधान किया है; इसी तर्ज पर राज्य सरकार स्वास्थ्य विभाग में अभी तक हिमाचल प्रदेश राज्य स्वास्थ्य सोसायटी के अन्तर्गत कार्यरत

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति व नियमित पे स्केल क्यों नहीं कर पाई; पूर्ण ब्यौरा दें?

बस अड्डा रख-रखाव

*5121 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बन्जार बस अड्डे के निर्माण, रख-रखाव व मरम्मत हेतु कितनी धनराशि किस मद से व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) बन्जार बस अड्डे में निर्माणाधीन पार्किंग हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है व इस कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

रोपवे निर्माण

*5122 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि आनंदपुर से श्री नैना देवीजी शक्तिपीठ तक रोपवे का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो उसके निर्माण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है तथा निर्माण कार्य को कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

पंजीकृत ठेकेदार

*5123 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत सभी श्रेणियों में पंजीकृत ठेकेदारों की सूची सभा पटल पर रखें; और

(ख) इस अवधि के दौरान पंजीकृत ठेकेदारों को आबंटित किए गए कार्यों का ब्यौरा दें?

पौंग बांध विकास

*5124 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि फतेहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पर्यटन की दृष्टि से पौंग बांध को विकसित करने हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा कौन-कौन सी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है?

भवन निर्माण

*5125 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नवगठित नगर पंचायत आनी व निरमंड हेतु भवन निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

नागरिक अस्पताल सराहां

*5126 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक अस्पताल सराहां में 100 बैड की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया गया था; यदि हां, तो यह सुविधा कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी; ब्यौरा दें?

कर्ज

*5127 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सरकार ने कब-कब और कितना-कितना कर्ज़ किन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए लिया; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार को एतदर्थ प्रतिभूतियों के रूप में क्या गिरवी रखना पड़ा; ब्यौरा दें?

आउटसोर्स कर्मचारी

***5128 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक चम्बा जिला के पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में कितने कर्मचारियों को आउटसोर्स आधार पर नियुक्त किया गया; इनमें से कितने कर्मचारी जिला चम्बा के रहने वाले व कितने जिला के बाहर से हैं; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

सड़कों का ब्यौरा

***5129 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कगोंस गांव के लिए गुरबले-बलगानी सड़क का कार्य कब आरम्भ किया गया था; इसकी कुल लम्बाई कितनी है तथा कितना कार्य अब तक किया गया है;

(ख) इस सड़क का निर्माण कार्य क्यों बन्द पड़ा है;

(ग) बारो गांव के लिए सम्पर्क सड़क की कुल लम्बाई कितनी है; कितना कार्य पूर्ण किया गया है; इसका निर्माण कार्य किन कारणों से बन्द है;

(घ) ग्रादे-पूजे (निचार) व रावा (बरी) तथा निचार वांगतू सम्पर्क सड़क का निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें;

(ङ) ग्रादे-पूजे (निचार) से सम्पर्क सड़क का कार्य कब आरम्भ किया गया; इस सड़क की कुल लम्बाई कितनी है; वर्तमान में इस सड़क का कितना कार्य पूर्ण किया गया है; और

(च) रावा सम्पर्क सड़क (बरी) की कुल लम्बाई कितनी है; वर्तमान में इस सड़क का कितना कार्य पूर्ण किया गया है?

इलेक्ट्रिक बस सेवा

***5130 श्री विशाल नैहरिया (धर्मशाला):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि धर्मशाला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार इलेक्ट्रिक बसें चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

अवैध कब्जे

*5131 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बद्दी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मकानों के साथ लगती खाली भूमि पर अवैध भवन निर्माण किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने अवैध भवन मालिकों के विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई है?

फानदी-बोदीवाला से जंगलोट सड़क

*5132 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग मण्डल पांवटा साहिब में विधायक प्राथमिकता में सम्मिलित सड़क फानदी-बोदीवाला से जंगलोट के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

National Highway-707

*5133 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of construction of National Highway-707 Paonta-Shillai- Hatkoti road; by when the work will be completed; is the execution of work been done according to the specification;

(b) how much private land has been acquired by the Department and how much compensation have been awarded to people; details of each person and the amount be given; has the amount been given to them; and

(c) how many dumping sites have been approved by the Department; details of it be given; has the Department received any complaints regarding throwing muck/mud in other places which are not approved; if so, what action has been taken against the private companies executing the work; details of it given?

Tree Cutting

***5134 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the tree cutting committee of Municipal Corporation Palampur have declared the trees around HIMUDA colony (Bindraban) dangerous to nearby houses; if yes, provide details with date of order to cut these trees;

(b) is it also a fact that the Municipal Corporation has requested for funds for felling of these trees from Disaster Management Department; details be given; and

(c) what is the quantum of funds issued for the above felling; give details?

Kail Trees

***5135 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that large number of trees specially of Kail variety are drying up in the forests situated in many parts of Churah Forest Division (at Salooni) like Bhandal, Kihar, Duikothi areas; and

(b) has the Department taken any steps to identify the reason for this phenomena; details be given?

ए0आर0टी0 केन्द्र

***5136 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई) :**
श्री विक्रमादित्य सिंह (शिमला ग्रामीण) :

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार प्रदेश के सभी मैडिकल कॉलेजों में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) की

न्यूनतम शर्तों/आवश्यकताओं के तहत ए0आर0टी0 केन्द्रों (ART Centers) को चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार (NACO), के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 30.08.2019 के अनुसार जो ए0आर0टी0 केन्द्र (ART Centers) पहले से ही NACO की सहायता से चल रहे हैं, के सभी कर्मचारियों को प्रदेश के सम्बन्धित मैडिकल कॉलेजों में समायोजित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

ट्रांसपोर्ट नगर

***5137 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार ने प्रदेश में ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित करने का निर्णय लिया है; यदि हां, तो किस स्थान का चयन किया गया है; इस पर कितनी लागत आएगी तथा यह कब तक स्थापित कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

सर्विस कमेटी

***5138 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कार्मिक विभाग से वित्त विभाग को किस-किस बोर्ड व निगम में सेवारत कर्मचारियों के मामले सर्विस कमेटी की बैठकों में निस्तारण के लिए प्राप्त हुए व इनमें से कितने मामलों के लिए सर्विस कमेटी की बैठकें की गईं; वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में वित्त विभाग के पास किस-किस बोर्ड व निगम के कितने मामले कब से सर्विस कमेटी की बैठकों में निस्तारण के लिए लम्बित हैं; कारण सहित ब्यौरा दें; और

(ग) बोर्डों एवं निगमों में सेवारत कर्मचारियों के इन लम्बित मामलों के लिए वित्त विभाग द्वारा कब तक सर्विस कमेटी की बैठकों का आयोजन किया जाएगा; ब्यौरा दें?

OPDs in Kotgarh Hospital

***5139 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state that during the

last 3 years upto 01.02.2022, how many OPDs have been recorded in the Kotgarh hospital for dental work; details of the total patients with address of each patient be given?

अनुदेशक की नियुक्ति

***5140 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ोह जिला कांगड़ा में ऑटो इलेक्ट्रिशियन व इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड के लिए नियमित अनुदेशक का प्रावधान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

जल परिवहन व जल क्रीड़ा

***5141 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार तत्तापानी से कोल डैम जलाशय में जल परिवहन सेवा व जल क्रीड़ा आरम्भ करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केंद्र

***5142 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गांव रडा पंचायत खिलड़ा, गांव धारली पंचायत जरल व गांव करला पंचायत धन्यारा में आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केंद्र कब खोले गए; और

(ख) विभाग के पास भवन निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध है; यदि हां, तो भवन निर्माण के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

लिखित परीक्षा अंक

***5143 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में प्रथम व द्वितीय श्रेणी की नियुक्तियों में हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा कुछ पदों हेतु साक्षात्कार

के अंकों के साथ लिखित परीक्षा के अंक परिणाम में नहीं जोड़े जाते हैं; यदि हां, तो सरकार लिखित परीक्षा के अंकों को सभी पदों के परिणाम में सम्मिलित करने का विचार रखती है?

धनराशि का प्रावधान

***5144 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिराज, पार्वती व जी0एच0एन0पी0 वन मण्डलों में सी0ए0एम0पी0ए0 के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की गई; ब्यौरा वन मण्डलवार दें?

राष्ट्रीय राजमार्ग

***5145 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि शिमला-मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्रह्मपुखर से घाघस तक तथा घ्याणा के पास बने पुल खराब हालत में हैं; यदि हां, तो सरकार द्वारा कब तक इस सड़क मार्ग व पुल की मरम्मत कर दी जाएगी; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि ब्रह्म्पुखर से नौणी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्रह्म्पुखर से एम्स कोठीपुरा तक सड़क की हालत बेहद ख़राब है; यदि हां, तो इसकी मरम्मत कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

No Objection Certificate

***5146 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 01.02.2022 how many No Objection Certificate have been issued by Town and Country Planning in Kullu-Manali for installation of electricity and water connection in Kullu District; details be given?

मुख्य मंत्री स्वावलंबन योजना

***5147 श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मुख्य मंत्री स्वावलंबन योजना के अन्तर्गत कितने प्रोजैक्ट कार्यान्वित हो गए हैं;

(ख) इन प्रोजैक्ट्स में कितने लोगों को रोजगार मिल गया है, ब्यौरा लाभार्थियों के नाम सहित दें; और

(ग) इस योजना में कार्यान्वित योजनाओं का गत वर्ष कितना कारोबार(turnover) रहा?

बस अड्डे का निर्माण

***5148 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लुहरी में बस अड्डा निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो कब तक वन विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

धर्मशालाओं का पंजीकरण

***5149 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ज्वालामुखी शहर में कुल कितनी धर्मशालाएं हैं; क्या ये सभी धर्मशालाएं सोसायटी एक्ट के तहत पंजीकृत हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इन धर्मशालाओं में ठहरने वाले यात्रियों से नियमानुसार कितना दैनिक शुल्क निर्धारित किया गया है; ब्यौरा दें;

(ग) इन धर्मशालाओं से लग्जरी टैक्स या अन्य टैक्स लेने का कोई प्रावधान है; यदि हां, तो गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कितनी धनराशि टैक्स के रूप में प्राप्त हुई; और

(घ) इन धर्मशालाओं में कार्यरत कर्मचारियों को कितना वेतन/मानदेय दिया जाता है व कितने कर्मचारियों का ई0पी0एफ0 काटा जाता है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***5150 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 50 बैड के आयुर्वैदिक अस्पताल में रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

हिमाचल भवन दिल्ली

***5151 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दिल्ली स्थित हिमाचल भवन का नवीनीकरण सही ढंग से नहीं किया गया है; बाथरूम की छत से सीलिंग उखड़ने के कारण जान हानि का भी खतरा है; यदि हां, तो सरकार इस मामले की जांच करवाने का विचार रखती है; और

(ख) यह सत्य है कि दिल्ली स्थित हिमाचल सदन के कमरों को तोड़कर मुख्य सचिव के कैम्प ऑफिस का निर्माण किया जा रहा है; यदि हां, तो कारण?

आई0टी0 पार्क निर्माण

***5152 श्री विशाल नैहरिया (धर्मशाला):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि धर्मशाला के चैतड़ू में आई0टी0 पार्क का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

आई0 टी0 आई0 कृष्णगढ़

***5153 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृष्णगढ़ में आई0टी0आई0 के भवन का निर्माण कार्य पिछले एक वर्ष से बन्द पड़ा है; यदि हां, तो 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी यह कार्य किन कारणों से बन्द पड़ा है; शेष कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

संगड़ाह से टिकरी सड़क

***5154 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग मण्डल संगड़ाह के अन्तर्गत संगड़ाह से टिकरी सड़क का निर्माण किन कारणों से बन्द पड़ा है व सरकार इस सड़क को पक्का करने के लिए क्या पग उठा रही है; ब्यौरा अद्यतन स्थिति सहित दें?

वैकल्पिक मार्ग

***5155 श्री विक्रमादित्य सिंह (शिमला ग्रामीण):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि देवीधार नामक स्थान पर शिमला जल प्रबन्धन निगम द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य से गांव को आने-जाने वाले मार्ग अवरूद्ध हो गए हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक इन गांवों हेतु वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,
सचिव।